परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था, मुंबई

कार्यपत्रक संख्या - 1

कक्षा - नौवीं | विषय -हिंदी [द्वितीय भाषा]

विषय का नाम - दो बैलों की कथा

प्र.1 निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। [10]

[1] दो बैलों की कथा कहानी का उद्देश्य क्या है?

[क] किसानों और पशुओं के भावात्मक रिश्तो का जीवंत और सजीव चित्रण करना

[ख] यह बताना कि स्वतंत्रता मनुष्यों और पशुओं दोनों को ही प्रिय होती है

[ग] स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के लिए प्रेरित करना

[घ] उपर्युक्त सभी

[2] लेखक ने जानवरों में किसे बुद्धिहीन कहा है?

[क] बैल को [ख] गधे को [ग] मूर्ख को [घ] बछिया को

[3] बैलों को रोटी खिलाने वाली कौन थी?

[क] झूरी की पत्नी [ख] भैरो की पत्नी [ग] भैरो की लड़की [घ] गया की पत्नी

[4] गधे में ऐसे कौन-कौन से गुण होते हैं जो ऋषि-मुनियों में भी देखने को मिलते हैं?

[क] संभावी होने के कारण सुख-दुख या लाभ-हानि का कोई प्रभाव नहीं पड़ता

[ख] सहिष्णुता का गुण

[ग] शांत स्वभाव

[घ] उपर्युक्त सभी

[5] मूक भाषा से तात्पर्य है ?

[क] बोली जाने वाली भाषा [ख] बिना बोले एक दूसरे के भावों को समझना

[ग]  न बोली जाने वाली भाषा  [घ]  सांकेतिक भाषा

[6] घर में बैलों की नाक में नाथ डालने की सलाह क्यों हो रही थी?

[क] बैल सुंदर लगे   [ख]  बैल खेतों में काम कर सके

[ग] बैल नियंत्रण में रहे   [घ]  बैलों की पहचान हो सके

[7]  हीरा और मोती दोनों कहाँ बंधे पड़े थे?

[क]  झूरी के घर में   [ख]  कांजीहोस में

[ग] गया के घर   [घ]  भैरव के घर

[8 ] बाड़े के सामने दुग्दुगी क्यों बजने लगी?

[क]  हीरा और मोती को जगाने के लिए

[ख]  लोगों को बुलाने के लिए

[ग]  हीरा और मोती की नीलामी की घोषणा करने के लिए

[घ] किसानों को बुलाने के लिए

[9]  हीरा और मोती आपसी बातचीत कैसे करते थे?

[क]  लड़ झगड़ कर   [ख]  प्रेम भाव से

[ग]  मूक भाषा में   [घ]  शांत रहकर

[10] हीरा और मोती को मृतक क्यों कहा गया?

[क]  जब कांजीहोस में रखा गया था

[ख] उन्हें खाने के लिए कुछ भी नहीं दिया गया

[ग] केवल पानी दिखा दिया जाता था

[घ] उपर्युक्त सभी

प्र.2 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5]

कुत्ता भी बहुत गरीब जानवर है लेकिन कभी-कभी उसे भी क्रोध आ ही जाता है किंतु गधे को कभी क्रोध करते नहीं सुना, न देखा | जितना चाहो गरीब को मारो चाहे जैसी खराब सडी हुई घास सामने डाल दो | उसके चेहरे पर कभी असंतोष की छाया भी न दिखाई देगी | वैशाख में चाहे एक आध बार कुलेल कर लेता हो पर हमने तो उसे कभी सुख होते नहीं देखा | उसके चेहरे पर एक स्थाई विषाद स्थाई रूप से छाया रहता है | सुख-दुख, हानि -लाभ किसी भी दशा में उसे बदलते नहीं देखा |ऋषि - मुनियों के जितने गुण हैं वह सभी उसमें पराकाष्ठा को पहुँच गए हैं पर आदमी उसे बेवकूफ कहता है।

[1] प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से उद्धृत है ?

[क] दो बैलों की कथा [ख] दो पशुओं की कथा

[ग] हीरा और मोती की कथा [घ] दो किसानों की कथा

[2] इस गद्यांश में किस पर व्यंग्य किया गया है ?

[क] मूर्खता पर [ख] नाराजगी पर

[ग] सीधेपन पर [घ] बेवकूफी पर

[3] कुलेल करने का आशय है ?

[क] कुल्ला करना [ख] गुलेल से खेलना

[ग] खेलना [घ] मस्ती करना

[4] किस कारण ऋषि-मुनियों और गधे में समानता बताई गई है?

[क] हर परिस्थितियों में अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करना

[ख] हर परिस्थिति में एक समान रहना

[ग] दोनों ही सदा काम करते हैं

[घ] गरीब होने के कारण

[5] गधे की किन स्वभावगत विशेषताओं के आधार पर लेखक ने उसके प्रति रूढ अर्थ में मूर्ख का प्रयोग किस अर्थ की ओर संकेत किया है?

[क] क्रोधी और नम्रता [ख] अहंकारी और कठोरता

[ग] सीधा पन और सहिष्णुता। [घ] शांत और अड़ियल

प्र.3 निम्नलिखित अपठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए। [1x5=5]

रास्ते पर गाय - बैलों का एक रेवड़ हरे- हरे हार में चरता नजर आया | सभी जानवर प्रसन्न थे, चिकने चप्पल | कोई उछलता था, कोई आनंद से बैठा पागुर कर रहा था | कितना सुखी जीवन था उनका पर कितने स्वार्थी हैं सब किसी को चिंता नहीं की उनके दो भाई बधिक के हाथ पडे कैसे दुखी हैं?

[1] उपर्युक्त पंक्तियों में किस राह की बात कही गई है?

[क] गया के घर की राह [ख] कसाई के घर की राह

[ग] झुरी के घर की राह [घ] जंगल की राह

[2] रेवड़ का तात्पर्य है ?

[क] जोड़ा [ख] मालिक [ग] झुंड [घ] रेवड़ी

[3] कौन प्रसन्न थे?

[क] हीरा और मोती [ख] खेतों में चरते पशु [ग] सभी बच्चे [घ] गाँव के सभी वासी [4]

[4] बधिक के हाथों कौन पड़े थे?

[क] हीरा और मोती [ख] गाय और बैल [ग] गाँव के लोग [घ] सभी जानवर

[5] हीरा और मोती को प्रसन्न पशुओं का रेवड़ स्वार्थी क्यों जान पड़ा?

[क] उनके सिर पर मौत का साया था

[ख] स्वतंत्र पशु अपनी मस्ती में खोए हुए सुख भोग रहे थे

[ग] स्वतंत्र पशुओं को स्वतंत्रता आंदोलन की परवाह नहीं

[घ] उपर्युक्त सभी

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए - [2x10=20]

[1] कांजीहोस में कैद पशुओं की हाजिरी क्यों ली जाती होगी?

[2] छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?

[3] कांजीहोस में किसे कैद किया जाता है तथा उनके साथ कैसा व्यवहार होता है?

[4] हीरा -मोती गया के साथ क्यों नहीं जाना चाहते थे?

[5] मोती के चरित्र की चार विशेषताएं लिखिए।

[6] बैलों की कथा के आधार पर सिद्ध कीजिए कि एकता में शक्ति होती है।

[7] गया के घर हीरा और मोती ने स्वयं को अपमानित महसूस किया क्यों?

[8] किस घटना से पता चलता है कि हीरा मोती के मन में औरत जाति के प्रति सम्मान था।

[9] हीरा-मोती ने कांजीहोस में बंद जानवरों का जीवन किस प्रकार बचाया ?

[10] 'लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है यह भूल जाते हो' इस कथन के द्वारा लेखक ने समाज की किस विडंबना की ओर संकेत किया है ?

प्र.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [3x5=15]

[1] कहानी में बैलों के माध्यम से कौन-कौन से नीति विषयक मूल्य उभर कर आए हैं?

[2] किन घटनाओं से पता चलता है कि हीरा और मोती में गहरी दोस्ती थी ?

[3] 'लेकिन औरत जात पर सींग चलाना मना है, यह भूल जाते हो',हीरा के इस कथन के माध्यम से स्त्री के प्रति प्रेमचंद के दृष्टिकोण को स्पष्ट कीजिए।

[4] किसान जीवन वाले समाज में पशु और मनुष्य के आपसी संबंध को कहानी में किस तरह व्यक्त किया गया है ?

[5] इतना तो हो ही गया कि आठ-दस प्राणियों की जान बच गई वे सब तो आशीर्वाद देंगे, मोती के इस कथन के आलोक में उसकी विशेषताएं लिखिए।

प्र.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [5x5=25]

[1] हीरा और मोती ने शोषण के खिलाफ आवाज उठाई लेकिन उसके लिए प्रताड़ना भी सही, हीरा और मोती की इस प्रतिक्रिया पर तर्क सहित अपने विचार प्रकट कीजिए।

[2] क्या आपको लगता है कि यह कहानी आजादी की लड़ाई की ओर भी संकेत करती है?

[3] 'कैसे कह सकते हैं कि हीरा मोती की अपेक्षा अधिक सहनशील था' विस्तारपूर्वक लिखिए?

[4] गया के घर से भागकर आए हीरा और मोती को देखकर झूरी, बच्चे और उसकी पत्नी ने किस प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त की ?

[5] 'दो बैलों की कथा' के आधार पर सिद्ध कीजिए कि एकता में शक्ति है।

******************